सोनीपत से स्वस्थ भारत यात्रा ईट राइट इंडिया कैंपन चलाकर अब दिल्ली हुई रवाना

Jan 28, 2019, 03:50 AM IST

Sonipat News - सोनीपत | सोनीपत में कई दिन इट राइट इंडिया कैंपन चलाने के बाद स्वस्थ भारत साइकिल यात्रा रविवार को दिल्ली रवाना हो...

सोनीपत | सोनीपत में कई दिन इट राइट इंडिया कैंपन चलाने के बाद स्वस्थ भारत साइकिल यात्रा रविवार को दिल्ली रवाना हो गई। डीएचओ डा. गीता दहिया, सिविल सर्जन डाॅ. जसवंत पूनिया ने यात्रा में शामिल युवाओं के नेक कार्य की सराहना की। सिविल सर्जन ने कहा कि इट राइट इंडिया अभियान बेहद जरूरी है। खाने को लेकर लोग यदि जागरूक होंगे तो शुगर, उच्च रक्तचाप बीमारी से बचे रहेंगे। उन्होंने कहा कि चीनी, नमक व तेल का कम से कम सेवन करना चाहिए। इस दौरान साइकिललिस्ट को बैग दिए गए। डीएचओ डाॅ. गीता दहिय ने कहा कि स्वस्थ् भारत यात्रा सोनीपत में कई दिन रही। कैंपन के तहत सोनीपत शहर व आसपास के क्षेत्र में लोगों को स्वस्थ खानपान के बारे में जागरूक किया गया। होटल व ढाबों के स्टाफ को भी जागरूक किया गया।